# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली—

प्रेस विज्ञप्ति 11.10.2025

**जिलाधिकारी शामली व पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये:-**

आज दिनांक **11.10.2025** को **जिलाधिकारी शामली श्री अरविन्द कुमार चौहान** एवं **पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह** द्वारा **थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित वृद्धाश्रम** का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान **वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से वार्ता की गयी एवं उनका कुशल-क्षेम जाना गया।** अधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिकों से उनके **स्वास्थ्य, भोजन, रहन-सहन, देखभाल एवं दैनिक आवश्यकताओं** के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम की **सफाई व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सुविधाओं, आवासीय व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था** आदि का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि वृद्धाश्रम में रह रहे सभी वृद्धजनो को **सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सहज वातावरण** उपलब्ध कराया जाए तथा उनकी देखभाल में किसी प्रकार की कमी न हो।

**जिलाधिकारी शामली** द्वारा निर्देशित किया गया कि वृद्धाश्रम में रह रहे सभी वरिष्ठ नागरिकों की **नियमित स्वास्थ्य जांच** कराई जाए एवं चिकित्सकीय परामर्श के अनुरूप समय पर दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की सेवा करना हम सभी का **नैतिक व सामाजिक दायित्व** है।

**पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह** ने कहा कि समाज के कमजोर व असहाय वर्ग के प्रति **पुलिस सदैव संवेदनशील** है तथा वृद्धजनों की सुरक्षा व सम्मान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने उपस्थित स्टाफ को निर्देशित किया कि वृद्धाश्रम में रह रहे लोगों के साथ **संवेदनशीलता, करुणा व सम्मानपूर्ण व्यवहार** बनाए रखें।



**महिला से मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की घटना में लिप्त अभियुक्त को यूपी 112 पीआरवी 3015 द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस सहित किया गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो दिनाँक 10.10.2025 को श्रीमती खालिदा पत्नी इसरार निवासी ग्राम सुन्ना थाना कांधला जनपद शामली द्वारा डायल 112 पर काल कर अपने पति व ससुरालीजन के विरुद्ध मारपीट व अवैध हथियार से जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी।

इसी सूचना पर दिनाँक 10.10.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में यूपी 112 पीआरवी 3015 द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर अभियुक्त इसरार पुत्र दीन मौहम्मद उर्फ दीनू निवासी ग्राम सुन्ना थाना कांधला जनपद शामली को अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है। श्रीमती खालिदा उपरोक्त द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता अभियुक्तः-**

1.इसरार पुत्र दीन मौहम्मद उर्फ दीनू निवासी ग्राम सुन्ना थाना कांधला जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.एक अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर।



**<u>आज दिनांक 11.10.2025 को जिलाधिकारी शामली श्री अरविन्द कुमार चौहान एवं पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार शामली में "मिशन शक्ति फेज-5.0" के अंतर्गत "शक्ति संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।</u>**

इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों — विशेषकर **महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन** से जुड़े पक्षों को एक साझा मंच पर लाकर, बेहतर संवाद एवं समन्वय स्थापित करना रहा। कार्यक्रम में जनपद के **चिकित्सालयों, शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों (इंडस्ट्रियल पार्क), महिला छात्रावासों** के प्रबंधकगण, **मुख्य बाजारों के व्यापार मंडल प्रतिनिधि**, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में **महिला प्रतिनिधि** उपस्थित रहे।

**जिलाधिकारी शामली श्री अरविन्द कुमार चौहान** द्वारा मिशन शक्ति के उद्देश्यों एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रकाश डालते हुए की गई। उन्होंने कहा कि *"मिशन शक्ति" केवल एक सरकारी अभियान नहीं बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति **सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता** की सोच को सशक्त करने का एक जन आंदोलन है।"* उन्होंने कहा कि महिलाओं की सहभागिता हर क्षेत्र में बढ़ रही है और प्रशासन का प्रयास है कि उन्हें **सुरक्षित, समान अवसर वाला और प्रोत्साहनपूर्ण वातावरण** प्राप्त हो। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि वे महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें और समय-समय पर **संवेदनशीलता प्रशिक्षण (Sensitivity Training)** भी आयोजित करें।

**पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह** ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है। पुलिस द्वारा **एंटी रोमियो टीम, शोर–सुरक्षा ऐप, साइबर सेल, पिंक बूथ एवं महिला हेल्पलाइन 1090/112** जैसी पहलें की गई हैं ताकि किसी भी महिला को भय या असुरक्षा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी हैं — चाहे वह शिक्षा हो, उद्योग हो या प्रशासन — ऐसे में यह जरूरी है कि समाज का हर वर्ग उन्हें **सम्मान और सुरक्षा** प्रदान करे। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित जनों से अपील की कि वे मिशन शक्ति के तहत चल रहे अभियानों में सक्रिय सहयोग दें तथा अपने आसपास **महिला सुरक्षा की संस्कृति (Culture of Safety)** को बढ़ावा दें।

संवाद सत्र के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा कार्यस्थलों, शिक्षण संस्थानों, बाजार क्षेत्रों और औद्योगिक इकाइयों में आने वाली **व्यवहारिक चुनौतियों एवं समस्याओं** को साझा किया गया। महिलाओं की सुरक्षा, हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी, कार्यस्थल पर लैंगिक संवेदनशीलता, साइबर सुरक्षा तथा सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर खुलकर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी शामली श्री अरविन्द कुमार चौहान व पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह द्वारा प्रतिभागियों को महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों जैसे **1090, 181, 1076, 112** की जानकारी भी दी गई।



**<u>*प्रेस नोट*</u>**

**<u>*पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के निर्देशन में “साइबर जागरूकता अभियान” के अंतर्गत जनपद शामली में आमजन को जागरूक करने हेतु प्रतिदिन की जा रही कार्यवाहीः-*</u>**

* पुलिस अधीक्षक जनपद शामली श्री एन0पी0 सिंह के निर्देशन में अक्टूबर माह में National Cyber Security Awareness Month (NCSAM) के अंतर्गत साइबर जागरूकता अभियान पूरे जनपद में निरंतर संचालित किया जा रहा है।* इस अभियान के तहत सभी थानों द्वारा ग्राम, मोहल्ला, नगर पंचायत, रेलवे स्टेशन, स्कूल एवं कॉलेजों में साइबर सुरक्षा कार्यशालाएँ आयोजित की जा रही हैं तथा नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया जा रहा है।

*अभियान का उद्देश्य एवं प्रमुख बिंदुः-*

1. आम जनता को तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित रहने के उपाय बताना।
2. ऑनलाइन फ्रॉड जैसे निवेश, बीमा, बिजली बिल, फर्जी चालान, गलत ट्रांजेक्शन, सोशल मीडिया हैकिंग, AEPS (Aadhar Enabled Payment System) आदि से बचाव के उपाय बताना।
3. किसी भी प्रकार के साइबर फ्रॉड की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन अथवा cybercrime.gov.in पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने हेतु नागरिकों को प्रेरित करना।

इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा आज दिनांक 11.10.2025 को विविध कार्यक्रम आयोजित किए गएः-

*थाना थानाभवन/साइबर सैल शामलीः-* आज दिनांक 11.10.2025 को क्षेत्राधिकारी थानाभवन श्री जितेन्द्र सिंह व प्रभारी साइबर सैल श्री संजीव भटनागर द्वारा थाना थानाभवन में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर व्यापक **साइबर जागरूकता अभियान** चलाकर नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी निवेश, सोशल मीडिया सुरक्षा और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महानुभावों ने **मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम**, थाना भवन जनपद शामली के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग, बाल कल्याण विभाग और महिला समाज कल्याण विभाग के सहयोग से महिलाओं एवं छात्राओं को साइबर क्राइम, धोखाधड़ी, छेड़छाड़, बाल अपराध तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी।

***साइबर थाना शामली*** – श्रीमती प्रभारी सीमा शर्मा प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना जनपद शामली द्वारा शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग, फिशिंग, AEPS फ्रॉड से बचाव के तरीके बताए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने **साइबर शपथ** ली, जिसमें सुरक्षित इंटरनेट उपयोग अपनाने और ऑनलाइन गतिविधियों में सतर्क रहने का संकल्प लिया।

***महिला थाना अभियान शामली:-*** ग्राम पंचायत पंजोखरा, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय, लिलौन

- जनपद स्तरीय संवाद, तहसील बनत
- चौपाल, कस्बा कैराना एवं शामली के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र

नागरिकों को रोजमर्रा में सोशल मीडिया और ऑनलाइन फ्रॉड जैसे निवेश, बीमा, बिजली बिल, फर्जी चालान, गलत ट्रांजेक्शन आदि से बचाव के उपाय बताए गए और 1930 हेल्पलाइन एवं cybercrime.gov.in पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

***थाना आदर्शमंडीः–* ग्राम जलालपुर में** नागरिकों को ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी निवेश योजनाओं और सोशल मीडिया ठगी से बचने के उपाय बताए गए।

***थाना कोतवाली शामलीः–* ग्राम काबड़ौत** मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिलाओं को साइबर क्राइम, धोखाधड़ी, छेड़खानी, बाल अपराध और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

***थाना थानाभवनः–*** पंचायत भवन ग्राम भनेडा उद्दा, प्राइमरी स्कूल, राजकीय इंटर कॉलेज भनेडा उद्दा में महिलाओं एवं बालिकाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें ऑनलाइन उत्पीड़न, छेड़छाड़, महिला सुरक्षा ऐप्स और हेल्पलाइन नंबरों (1090, 181, 112) के बारे में बताया गया।

***थाना कैरानाः–*** ग्राम तितरवाडा में नागरिकों को ऑनलाइन फ्रॉड, निवेश घोटाले, सोशल मीडिया हैकिंग, QR स्कैन, गेमिंग स्कैम, OTP फ्रॉड, सिम स्वैप, KYC फ्रॉड, पार्सल/कस्टम स्कैम, बीमा कॉल्स, फर्जी नौकरी ऑफर, क्रिप्टो निवेश घोटाले और ऑनलाइन ट्रेडिंग स्कैम से बचाव के उपाय बताए गए।

***थाना कांधलाः–*** ग्राम अम्बेहटा में ग्राम पंजोखरा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, चन्दनलाल नेशनल इंटर कॉलेज व मैन बाजार, पुराना PNB तिराहा, वेब टेक कंप्यूटर सेंटर में नागरिकों को ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी निवेश योजनाओं और सोशल मीडिया ठगी से बचाव के उपाय बताए गए।

***थाना बाबरीः-* पूर्व माध्यमिक विद्यालय, खानपुर में** साइबर हेल्पडेस्क/साइबर सेल टीम एवं महिला सुरक्षा केंद्र टीम द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के उपाय बताए गए।

इसी क्रम में जनपद के अन्य सभी थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में साइबर जागरूकता अभियान के तहत जनसंपर्क, चौपाल और कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, ताकि जनपद के प्रत्येक नागरिक तक साइबर सुरक्षा की जानकारी पहुँच सके।

***पुलिस अधीक्षक शामली, श्री एन0पी0 सिंह** ने नागरिकों से अपील की कि वे ऑनलाइन लेन-देन या किसी भी डिजिटल गतिविधि के दौरान सतर्क रहें, अनजान कॉल, लिंक या ऑफर पर विश्वास न करें और किसी भी प्रकार के साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल **1930 हेल्पलाइन** या **cybercrime.gov.in** पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।*



**<u>*पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा प्रांतीय सिविल सेवा (PCS) प्रारंभिक परीक्षा एवं सहायक वन संरक्षक (ACF) / क्षेत्रीय वन अधिकारी (RFO) प्रारंभिक परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु डियूटी में लगे पुलिस बल की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।*</u>**

आज दिनाँक 11.10.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (**UPPSC**) द्वारा दिनांक **12 अक्टूबर 2025** को आयोजित होनो वाली **प्रांतीय सिविल सेवा (PCS) प्रारंभिक परीक्षा** एवं **सहायक वन संरक्षक (ACF) / क्षेत्रीय वन अधिकारी (RFO) प्रारंभिक परीक्षा** को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए डियूटी में लगे पुलिस बल को **पुलिस लाइन, शामली** में ब्रीफिंग देते हुए परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था के सभी पहलुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अभ्यर्थियों की सुविधा, परीक्षा केंद्रों की निगरानी, प्रवेश द्वारों पर सघन चेकिंग, पैदल एवं वाहन गश्त, तथा आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधियों या सुरक्षा खामियों को तुरंत रोका जाए और अभ्यर्थियों तथा परीक्षकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता हो। इसके अलावा, उन्होंने सभी थानों को आदेशित किया कि परीक्षा केंद्रों के आस-पास भीड़ नियंत्रित रखने, यातायात प्रबंधन, तथा संभावित आपात स्थितियों के लिए विशेष टीम तैनात करने हेतु आवश्यक प्रबंध करें।

इस आयोजन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि **UPPSC PCS और ACF/RFO प्रारंभिक परीक्षा** शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न हो। पुलिस अधीक्षक शामली **श्री एन0पी0 सिंह** ने अभ्यर्थियों से अपील की कि परीक्षा के दौरान सभी निर्देशों का पालन करें, सुरक्षा कर्मियों का सहयोग करें और किसी भी असामान्य या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल डियूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी को दें।

इस प्रकार, जनपद शामली में प्रशासन और पुलिस के संयुक्त प्रयास से परीक्षा की कार्यवाही सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।



**<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>**